(ग) प्याज के निर्यात की अनुमति प्रदान कर दिए जाने के बाद प्याज के थोक मूल्य मेम कितनी वृद्धि हुई है?

वाणिज्य मंत्री (श्री राक्मकृष्ण हेगड़े) : (क) जी, हां। सरकार ने दिनांक 1.2.98 को प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को आंशिक रूप से हटा लिया है। दिनांक 1.2.99 को सरकार ने नेफेड के जरिए बंगलौर रोज के अग्रनीत स्टाक तथा कृष्णापुरम प्याज की अल्प मात्रा और किसी भी किस्म के प्याज की 3000 मी. टन की मात्रा का सरकार-दर-सरकार आधार पर श्रीलंका को निर्यात करने की अनुमति प्रदान की। बाद में, 12.2.99 को सरकार ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा नामित की गई एजेंसी के जरिए 3 माह तक (मई, 1999 तक) प्रति माह 25,000 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की अनुमति देकर उक्त प्रतिबंध मे और अधिक ढील प्रदान की।

(ख) उपलब्ध सूचना के अनुसार दिनांक 1.2.98 को नासिक की मंडियों के प्याज का थोक मूल्य 251 रू. प्रति क्विंटल से लेकर 411 रू. प्रति क्विंटल तक था। 12.2.99 को जब नासिक में सभी बाजार बंद रहे थे 15.2.99 को जब बाजार पुनः खोले गए, तो प्याज की थोक दर 231 रू. प्रति क्विंटल से लेकर 456 रू. प्रति क्विंटल तक थी।

(ग) 26.2.99 को प्याज का थोक मूल्य 190 रू. प्रति क्विंटल से लेकर 349 रू. प्रति क्विंटल तक था। मूल्य में गिरावट को यह प्रवृति फरवरी, 1999 के उत्तरार्ध में बाजार में आवक बढ़ने के कारण आई है। देश में प्याज के थोक मूल्य पर निर्यात पर लगे प्रतिबंध में दी गई ढील के प्रभाव को सुनिश्चित करना समयपूर्व होगा।

यूरोपीय देशों को किए जाने वाले निर्यात

1249. **श्री ईश दत्त यादव**:

चौधरी हरमोहन सिंह यादव:

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि यूरोपीय देशों के बाजारों में भारतीय माल के निर्यात में कमी आई है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण है; और

(ग) विदेशी बाजारों को भारतीय माल के निर्यात में वृद्धि करने के लिए सरकार का क्या कार्रवाई करने का विचार है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री राक्मकृष्ण हेगड़े) : (क) चालू वित्तिय वर्ष के पहले 8 महीनोम के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना मेम यूरोपीय देशों को हुए भारतीय वस्तु के निर्यात निम्ननुसार हैः—

वर्ष	**यूरोपीय देशों को निर्यात (करोड़ रु. में)**	**यूरोपीय देशों को निर्यात (मिलि. अमरीकी डालर में)**
1998-99 (अप्रैल-नवम्बर)	25,232.48	6,027.94
1997-98 (अप्रैल-नवम्बर)	22,848.81	6,325.18

आकड़ा स्रोतः डी जी सी आई एंड एस, कलकत्ता

हालांकि अप्रैल-नवम्बर, 1998 की अवधि के दौरान यूरोपीय देशों को हुए भारतीय वस्तुओं के निर्यातों मे 1997 की अवधि में हुए निर्यातों की तुलना में डालर के रूप में 4.70% की कमी आई है, तथापि रूपए के रूप में इसमें 10.43% की वृद्धि हुई है।

(ख) यूरोपीय देशों में व्याप्त मंदी की प्रवृति का यूरोपीय बाजार में समग्र आयोतों पर मंदी कारी प्रभाव पड़ा है। इसके अतिरिक्त पूर्वी एशियाई मुद्राओं के मूल्य में आयी गिरावट से भी भारतीय निर्यातों, विशेष रूप से वस्त्र तथा चमड़ा विनिर्माण के क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

यूरोपीय देशों को डालर के रूप में निर्यातों में आयी गिरावट का कारण आर एम जी काटन / आनुंषगिक वस्तुएं (13.93% तक गिरावट) सूती यार्न/ फैब्रिक्स / मेड अप्स (17.34% तक गिरावट) औषधि / भेषजीय/ परिष्कृत रसायन (9.22% तक गिरावट) चर्म परिधान (9.86 % तक गिरावट) मानव निर्मित यार्न / फैब्रिक्स / मेड अप्स (17.80% तक गिरावट) और परिवहन उपकरण (28.18 % तक गिरावट) के क्षेत्रों में भारतीय निर्यातोम में मंदी का होना भी है।

(ग) विदेशी बाजारों को भारतीय वस्तुओं के निर्यात को बढ़ाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। सरकार इस दिशा में विभिन्न उपाय कर रही है। इनमें ये शामिल हैः सरकारी तथा व्यापारिक दोनों स्तरों पर व्यापारिक

सहभागियों के साथ द्विपक्षीय संपर्क निर्यात क्षेत्र का विविधीकरण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलो में संर्द्धित सहभागिता सहित विभिन्न बाजार संवर्धन के उपाय ब्रांड संवर्धन क्रियाकलाप भारतीय उद्योग को प्रोत्सहित करना ताकि वह स्वंय को बड़े आयातक देशोम के द्वारा विनिर्मित उत्पादों के लिए निर्धारित मांनदंडों को पूरा करने के लिए पुनः व्यस्थित कर सके, गुणवत्त पहलुओं के संबंध में जानकारी का प्रसार, निर्यात हित के विशिष्ट विनिर्मित उत्पादों की गुणवत्ता संबंधी जांच बोडिट भंडागारों की स्थापना करने के लिए उद्योग तथा व्यापार जगत को प्रोत्साहित करना तथा गुणवत्ता संयुक्त उद्योगों की स्थापना को सुविधाजनक बनाना । इसके अतिरिक्त भारतीय सामानोम के निर्यात को बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय परियोजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं का भी पता लगाया जाता है । एक्जिम नीति सहित भारतीय करने के लिए नीति के रूप में विशेष ध्यान दिया जाता है ।

Impact of Indo-Sri Lanka Accord on Coir Industry

1250. SHRI A. VIJAYA RAGHAVAN: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) the details regarding the adverse effect of the Indo-Sri Lankan Trade agreement on Coir and Coir products;

(b) whether Kerala has opposed this move;

(c) if so, the details thereof; and

(d) the safeguards taken in this regard?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI RAMAKRISHNA HEGDE): (a) to (d) The Indo-Sri Lanka Free Trade Agreement provides for elimination of tariffs by the two countries on all items except for a limited number of items in the Negative List, over a period of time. India has agreed to eliminate tariffs over a period of 3 years, whereas Sri Lanka will do so in 8 years.

Under the provisions of the Agreement, the two sides are to exchange the lists of items on which tariff concessions shall be given as well as those items on which no concessions shall be given While a preliminary exchange of lists has taken place, the matter is still under finalization.

Representation has been received from the Government of Kerala to include coir and coir products in the Negative List. The representation alongwith similar representations received from other quarters has been accordingly given due consideration while finalizing the lists, as well as in the discussions with the Sri Lankan side on this issue.

आयात व निर्यात के बीच का अन्तर

1251. **श्री राज मोहिन्दर सिंह**:

श्री कपिल सिब्बल:

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि निर्यात की तुलना में अधिक आयात होने के कारण आयात-निर्यात के मूल्य में अन्तर उत्पन्न हो गया है:

(ख) यदि हां, तो चालू वित्तिय वर्स में अप्रैल से दिसम्बर के दौरान कितने कितने मूल्य का आयात व निर्यात किया गया; और

(ग) यह आयात व निर्यात मूल्य गत वर्ष के मूल्यों की तुलना में कितना अधिक या कम है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री राक्मकृष्ण हेगड़े) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय के अनन्तिम आंकड़ो के अनुसार, अप्रैल-दिसम्बर, 1997-98 और 1998-99 की अवधी के दौरान आयात और निर्यत मूल्य निम्ननुसार है

(**मिलियन अमरीकी डालर**)

वर्ष	**आयात % वृद्धि**	**निर्यात % वृद्धि**
अप्रैल-दिसम्बर 1997-98	29485	25006
अप्रैल-दिसम्बर 1998-99	31583 7.12	24287 2.88